तृतीय चक्र के नैक मूल्यांकन हेतु पूर्व कुलपति प्रो. आशा शुक्ला ने किया जनता कॉलेज बकेवर में शिक्षक-संस्था संवाद|

इटावा, 1 सितंबर| जनता कॉलेज बकेवर के आगामी तृतीय चक्र के नैक मूल्यांकन हेतु प्रो. आशा शुक्ला पूर्व कुलपति, डॉ बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू ,इंदौर ,मध्य प्रदेश ने उच्चतम ग्रेड हेतु शिक्षक- संस्था संवाद किया , कॉलेज परिवार के समस्त संगोष्ठी कक्ष में आयोजित कार्यशाला में डॉ शुक्ला ने नैक मूल्यांकन में उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्ति हेतु जरूरी टिप्स देने के क्रम में बताया कि प्रत्येक संस्था के शिक्षक और छात्र और शिक्षा व्यवस्था ही संस्था की पहचान का प्रतिनिधित्व करते हैं, शैक्षिक दायित्व के निर्वहन के साथ-साथ प्रत्येक महाविद्यालय की पूर्व छात्र समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना, की इकाई भी एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करती है|
राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक)
मूल्यांकन के समय महाविद्यालय की सेवा योजना इकाई के साथ-साथ विभिन्न प्रकोष्ठ भी महत्वपूर्ण योगदान करते हैं| नई शिक्षा नीति की प्रासंगिकता पर बोलते हुए प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहा कि एन.ए.ए.सी. शैक्षणिक प्रक्रियाओं और उसके परिणामों , पाठ्यक्रम की व्यापकता, शिक्षण - ज्ञानार्जन की प्रक्रिया, संकाय सदस्यों, अनुसंधान, आधारभूत सुविधाओं, अध्ययन के संसाधनों, संगठनात्मक ढाँचा, अभिशासन, आर्थिक सद्दढ़ता और विद्यार्थियों को उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित संस्थानों के कार्य-निष्पादन के संदर्भ में गुणवत्ता मानदंडों के लिए शैक्षणिक संस्थानों का मूल्यांकन करता है ।
एक दिवसीय उद्बोधन कार्यशाला में कालेज प्रबंध समिति के सचिव श्री अरविंद कुमार मिश्रा , समस्त प्राध्यापक गण ,शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित समस्त कॉलेज परिवार की उपस्थिति रही | उद्बोधन के समापन का संस्था के प्राचार्य द्वारा सभी उपस्थितजनो को धन्यवाद दिया गया|
कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ अशोक कुमार पांडेय द्वारा किया गया|

सांस्कृतिक कार्यक्रम

सांस्कृतिक कार्यक्रम

सांस्कृतिक कार्यक्रम